पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर

वेबसाईट: www.shekhauni.ac.in ई–मेल: ce@shekhauni.ac.in

क्रमांकः 13690 दिनांक : 25/06/2026

प्रायोगिक प्रशिक्षण शुल्क जमा करवाने के संबंध में आवश्यक सूचना

विश्वविद्यालय के आदेश क्रमांक 12647 दिनांक 09.04.2026 के क्रम में स्नातक (UG) और स्नातकोत्तर (PG) वार्षिक पद्धति एवं मर्सी चांस के स्वयंपाठी परीक्षार्थियों के लिए प्रायोगिक परीक्षा का आयोजन किया जाना है। इस हेतु पूर्व में भी प्रायोगिक प्रशिक्षण शुल्क जमा करवाने के संबंध में समय समय पर जारी विभिन्न आवश्यक सूचनाओं/निर्देशों के अनुसार संबंधित महाविद्यालयों में प्रायोगिक प्रशिक्षण शुल्क जमा करवाकर प्रशिक्षण प्राप्त कर लिया होगा। किन्हीं कारणों से यदि कोई विद्यार्थी प्रशिक्षण शुल्क जमा करवाने में असमर्थ रहा है तो सक्षम स्तर के अनुमोदनोपरांत ऐसे स्वयंपाठी परीक्षार्थियों को प्रायोगिक प्रशिक्षण शुल्क जमा करवाने का एक अंतिम अवसर प्रदान किया जाता है। अतः वे परीक्षार्थी अपना प्रायोगिक प्रशिक्षण शुल्क दिनांक 26.06.2026 से 29.06.2026 तक जे. आर. महाविद्यालय, पिपराली रोड सीकर में जमा करवाकर सुनिश्चित करावें। साथ ही महाविद्यालय प्रशिक्षण कार्य पूर्ण करवाकर, आवश्यक प्रायोगिक प्रशिक्षण प्राप्त कर प्रायोगिक परीक्षा में बैठना सुनिश्चित करें।

परीक्षा नियंत्रक

क्रमांकः 13691–693 दिनांक– 25/06/2026

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, कुलगुरू, पं. दी. उ. शे. विवि., सीकर।
2. कुलसचिव कार्यालय, पं. दी. उ. शे. विवि., सीकर।
3. प्राचार्य, समस्त महाविद्यालय अपने संबंधित परीक्षार्थियों को सूचित करवाने का श्रम करावे।
4. प्राचार्य, जे. आर. महाविद्यालय, पिपराली रोड सीकर को प्रेषित कर लेख है कि उक्त से सबंधित कार्यवाही सम्पन्न करावें।
5. प्रभारी वेबसाइट, विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
6. रक्षित पत्रावली।

परीक्षा नियंत्रक